

क
ख
ग


कक्षा - 6
विषय - हिंदी
उपविषय- टिकट अलबम
पाठ - 9

# टिकट अलबम



सुंदरा रामस्वामी

# पाठ का सार

इस कहानी में दो स्कूली बच्चे हैं। एक का नाम है नागराजन और दूसरे का राजप्पा और कुछ उनके अन्य मित्र हैं। यह कहानी एक अलबम को लेकर प्रारंभ होती है और खत्म भी उसी अलबम को लेकर होती है।नागराजन को उसके मामा जी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था।वह उसे लड़कों को दिखाया करता था।सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते थे।लड़कियाँ भी उस अलबम को देखने के लिए उत्सुक रहती थीं।



राजप्पा की अलबम जो कि
काफ़ी मशहूर थी लेकिन अब
उसकी अलबम को कोई पूछने
वाला न था। उसने बड़े
परिश्रमपूर्वक टिकट जमा किए
थे। स्कूल में उसका अलबम
सबसे बड़ा था। लेकिन अब
उसके अलबम को कोई पूछता
न था। राजप्पा मन ही मन
कुढ़ता रहता। उसे अपने
अलबम से चिढ़ होने लगी और
अपनी अलबम कूड़ा लगने
लगी।

एक दिन वह नागराजन के घर
जा पहुँचा और उसके कमरे में
बैठ गया। तभी नागराजन की
बहन कमाक्षी आई और वह भी
अलबम की तारीफ़ करने लगी।
राजप्पा और **ज़्यादा** चिढ़ गया।
राजप्पा ने नागराजन की
अलबम दराज़ से ढूँढ निकाली
और शर्ट में छिपा कर घर की
ओर भागा। घर आकर उसने
अलबम छिपा दिया।

रात को अप्पू राजप्पा के घर आया और नागराजन के अलबम के खोने की बात बताई। लेकिन राजप्पा चुप रहा और अप्पू को किसी तरह टाला। लेकिन अप्पू दुबारा से सुबह आया और पूछा कि क्या वह नागराजन के घर गया था? उसके पापा डी.एस.पी. के दफ़्तर में काम करते हैं शायद वह पुलिस को ख़बर कर दें। अब राजप्पा को पुलिस का डर सताने लगा।

राजप्पा के घर के दरवाजे की साँकल खटकी तो उसे पुलिस आने का भय सताने लगा और राजप्पा अलबम को लेकर पिछवाड़े की ओर भागा। बाथरूम में घुस कर दरवाज़ा बंद कर लिया। वहाँ अँगीठी में पानी गर्म हो रहा था। राजप्पा ने अलबम को अँगीठी में डाल दिया और राजप्पा की आँखों में आँसू आ गए। माँ के आवाज़ देने पर वह गीला तौलिया लपेटकर बाहर आया।

pptbackgrounds.net

जब वह कपड़े बदलकर ऊपर
गया तो कुर्सी पर रोनी सूरत
बनाकर नागराजन बैठा था और
उसने अपनी अलबम के बारे में
बताया।

राजप्पा ने उसे दिलासा देते हुए
अपनी अलबम ले जाने की
ज़िद्द की। नागराजन अलबम
लेकर नीचे उतर गया। तभी
राजप्पा ने आवाज़ लगाई कि
वह अलबम रात को जी भर के
देखकर सुबह दे देगा।

नागराजन ने अलबम राजप्पा
को दे दी और राजप्पा अलबम
को छाती से लगाकर फूट -
फूटकर रोने लगा।


POSTAGE
M
ONE PENNY
H


DR.RADHAKRISHNAN · डॉ. राधाकृष्णन
15 पै. P.
भारत INDIA
भारत के राष्ट्रपति
PRESIDENT OF INDIA 1962-1967


AUSTRALIA
POSTAGE
£2
TWO POUNDS


UNITED STATES POSTAGE
1
1
ONE CENT


EIGHT
ANNAS


POSTAGE
NEPAL
5Rs.
बापू
MAHATMA GANDHI
10 Rs
2 OCT 1869 30 JAN 1948
INDIA POSTAGE
Day
Month
Year
08.00
09.00
10.00
11.00
12.00
13.00
CANADA
FIVE
CENTS
5
5
CUSTOMS DUTY
25 SUOMI
FINLAND
POSTAGE AND INLAND REVENUE
ONE PENNY


टिकट अलबम
राजप्पा द्वारा टिकट जमा करके अलबम बनाना।
नागराजन के मामा का सिंगापुर से अलबम भेजना।
सभी बच्चों का नागराजन की तरफ़ आकर्षित होना।
राजप्पा का चिढ़कर अलबम को चुराना।
अप्पू का राजप्पा को नागराजन के पिता के बारे में बताना।
पुलिस के डर से राजप्पा द्वारा अलबम जलाना।
पश्चाताप की भावना से राजप्पा का नागराजन को अपनी अलबम देना।